**Dainik Jagran (05.03.2016)**

# वाईएमसीए में मेक इन इंडिया पर चर्चा

◆ राष्ट्रीय सेमिनार में लगभग 350 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मेक इन इंडिया में भूमिका' विषय पर होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी 5 मार्च को करेंगे। वह उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। सेमिनार में लगभग 350 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन तथा सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने बताया कि इस दौरान राज्यपाल प्रो. सोलंकी सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन करेंगे तथा विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 'डिजिटल वाईएमसीएयूएसटी' एप का शुभारंभ करेंगे।

उन्होंने बताया कि उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे जबकि एसआरएम विश्वविद्यालय, कांचीपुरम (तमिलनाडु) के अनुसंधान निदेशक तथा भारतीय विज्ञान कांग्रेस संघ के महाअध्यक्ष (इलेक्ट्रॉनिक) प्रो. डी नारायण राव तथा जीई गैस एव तेल, गुड़गांव के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि होंगे। सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों में लगभग 250 पेपर रखे जाएंगे। सम्मेलन का दूसरा दिन मेक इन इंडिया में मीडिया की भूमिका पर केंद्रित होगा। इसमें शैक्षणिक संचार निकाय (सीईसी) के निदेशक प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार अमित आर्य करेंगे। सम्मेलन के तीसरे एवं अंतिम दिन समापन सत्र में माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता तथा जनसंचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. बी के कुठियाला मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता होंगे। विशिष्ट अतिथि वाईएमसीए विश्वविद्यालय की पूर्व कुल सचिव डॉ. शिमला होंगी। इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। सम्मेलन की संयोजक डॉ सोनिया बंसल ने बताया कि सम्मेलन को लेकर सभी प्रकार की तैयारियों पूरी कर ली गई है।

**Hindustan Hindi (05.03.2016)**

# वाईएमसीए में मेक इन इंडिया पर सम्मेलन आज


**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार से मेक इन इंडिया पर राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत होगी। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी इसका उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से करीब 350 वक्ता शामिल होंगे। मानविकी एवं विज्ञान विभाग के डीन ने बताया कि पहले दिन सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा।

## Dainik Jagran (05.03.2016)

# मोबाइल पर मिलेगा सिटिंग प्लान

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद** : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को अब परीक्षा से पहले नोटिस बोर्ड पर सिटिंग प्लान पढ़कर अपनी सीट ढूंढने की जरूरत नहीं होगी। प्लान उनके स्मार्ट मोबाइल फोन पर उपलब्ध होगा। वह मोबाइल पर प्लान देखकर सीधे परीक्षा हॉल में जा सकेंगे। यूनिवर्सिटी के बीटेक आइटी के विद्यार्थियों ने एक मोबाइल एप digitalymcaust विकसित किया है। सिटिंग प्लान के अलावा एप पर प्रतिदिन विभिन्न कक्षाओं में पढ़ा रहे प्राध्यापकों, यूनिवर्सिटी के विभिन्न निर्देशों, कार्यक्रमों की भी जानकारी उपलब्ध होगी। शनिवार को राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी यूनिवर्सिटी में एप को लांच करेंगे। एप केवल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए ही उपलब्ध होगा। इसे बीटेक (आइटी) के अक्ष केशवर, हिमानिश मुंजाल, नमन आर्य, रजत सेठी, शिव कोकरू, शुभम भारद्वाज और युग अरोड़ा की सात सदस्यीय टीम ने प्रोफेसर डॉ. सपना गंभीर और डॉ. पारूल तोमर के मार्गदर्शन में तैयार किया है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के लिए उपयोगी एप बनाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से संबंधित जरूरी जानकारी हासिल करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय को डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में यह एक अच्छी पहल है ।




- वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने तैयार किया एप
- आज राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी करेंगे लांच

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के बनाए मोबाइल ऐप का स्क्रीन शॉट। जागरण



परीक्षा से पहले सिटिंग प्लान देखना कॉलेज विद्यार्थियों के लिए बेहद मुश्किल काम होता है। अक्सर प्लान नोटिस बोर्ड पर लगा दिया जाता है और सभी विद्यार्थी एक साथ प्लान देखने के लिए उमड़ पड़ते है। यह एप विद्यार्थियों की यह परेशानी दूर कर देगा। कैंपस प्लेसमेंट, सभी कक्षाओं का टाइम टेबल आदि जानकारी भी एप पर उपलब्ध होगी।

– डॉ. सपना गंभीर



यह एप केवल विद्यार्थी ही नहीं बल्कि यूनिवर्सिटी मे सभी स्टाफ के लिए भी उपयोगी होगा। अगर कोई बैठक बुलानी है तो एप देखकर पता लगाया जा सकता है कि इस समय कौन से प्रो. किस कक्षा मे पढ़ा रहे हैं। उनके शेड्यूल के अनुसार बैठक या अन्य योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

– डॉ. पारूल तोमर 8

## Dainik Bhaksar (05.03.2016)

# वाईएमसीए यूनिवर्सिटी की जानकारी मोबाइल पर

**फरीदाबाद|** वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने डिजिटल वाईएमसीएयूएसटी नाम से एक एप तैयार किया है। इससे अब विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से जुड़ी नवीनतम जानकारियां मोबाइल पर उपलब्ध हो सकेगी। एप कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के बी टेक (आईटी) के विद्यार्थियों की सात सदस्यीय टीम ने तैयार किया है। इसमें विद्यार्थियों का मार्गदर्शन डा. सपना गंभीर और डा. पारूल तोमर द्वारा किया गया। एप को तैयार करने वाले बी टेक के विद्यार्थियों में अक्ष केशवर, हिमानिश मुंजाल, नमन आर्य, रजत सेठी, शिव कोकरू, शुभम भारद्वाज और युग अरोड़ा शामिल हैं। एप पर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए टाइम टेबल और कैंपस प्लेसमेंट का पूरा ब्यौरा डाला गया है। फैकल्टी का नाम, कक्षा तथा रूम नम्बर के माध्यम से विद्यार्थी टाइम टेबल देख सकते हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस एप से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से संबंधित जरूरी जानकारी हासिल करने में आसानी होंगी।